Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

كُتِبَ عَلَيْكُمُ الصِّيَامُ
كَمَا كُتِبَ عَلَى الَّذِيْنَ
مِنْ قَبْلِكُمْ لَعَلَّكُمْ تَتَّقُوْنَ

(सूरत बक़रह:184)

अनुवाद : हे वे लोगो जो ईमान लाए हो! तुम पर रोज़े इसी तरह फ़र्ज़ कर दिए गए हैं जिस तरह तुम से पहले लोगों पर फ़र्ज़ किए गए थे ताकि तुम तक़्वा इख़्तियार करो।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 7
अंक- 14

मूल्य
575 रुपए
वार्षिक

साप्ताहिक क़ादियान
बदर
Weekly
BADAR Qadian
HINDI

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

05 रमज़ान 1443 हिज्री कमरी, 07 शहादत 1401 हिज्री शम्सी, 07 अप्रैल 2022 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

(1897) हज़रत अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया : जिसने अल्लाह की राह में जोड़ा ख़र्च किया, जन्नत के दरवाज़ों से उसे आवाज़ दी जाएगी। हे अल्लाह के बंदे! यह (दरवाज़ा) अच्छा है। अत: जो नमाज़ पढ़ने वालों में से होगा, वे नमाज़ के दरवाज़े से बुलाया जाएगा। जो जिहाद करने वालों में से होगा, वे जिहाद के दरवाज़े से बुलाया जाएगा। जो रोज़े दारों में से होगा, उसे रयान दरवाज़ा से बुलाया जाएगा। जो सदक़ा देने वालों में से होगा, उसे सदक़ा के दरवाज़ा से बुलाया जाएगा। तो हज़रत अबूबकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने (यह सुन कर) कहा: हे रसूलुल्लाह! मेरे माँ बाप आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर क़ुर्बान जो इन दरवाज़ों में से बुलाया गया तो उसे कोई ज़रूरत नहीं रहेगी। (हुज़ूर फ़रमाएं) क्या कोई ऐसा भी है जिसे इन सब दरवाज़ों में से बुलाया जाएगा? आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया : हाँ। और मैं आशा करता हूँ कि आप रज़ियल्लाहु अन्हो भी इन्हीं में से होंगे।

नोट : हज़रत-ए-सय्यद ज़ैनुल आबेदीन वली अल्लाह शाह साहब रज़ियल्लाहु अन्हो फ़रमाते हैं : زَوْجَيْن से हर प्रकार का जोड़ा मुराद है। इस विषय में किताबुल जिहाद, बाब फ़ज़ल अल् नुफ़्क़ा फ़ी सबीलिल्लाह रिवायत नम्बर 2841 देखिए।

(सही बुख़ारी, भाग 3 किताब अल् सौम, मुद्रित क़ादियान 2008 ई.)

मेरी तबीयत और फ़ित्रत की ही यही ज़रूरत है कि जो काम हो अल्लाह के लिए हो जो बात हो ख़ुदा के वास्ते हो

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

समस्त उपस्थितगण ध्यान से सुनें। मैं अपनी जमाअत और ख़ुद अपनी ज़ात और अपने नफ़्स के लिए यही चाहता और पसंद करता हूँ कि ज़ाहिरी बात चीत जो लैक्चरों में होती है उसको ही पसंद न किया जाए और समस्त उद्देश्य आकर इस पर ही न ठहर जाए कि बोलने वाला कैसी जादू भरी तक़रीर कर रहा है। शब्दों में कैसा ज़ोर है। मैं इस बात पर राज़ी नहीं होता, मैं तो यही पसंद करता हूँ और न बनावट और तकल्लुफ़ से बल्कि मेरी तबियत और फ़ित्रत की ही यही मांग है कि जो काम हो अल्लाह के लिए हो जो बात हो ख़ुदा के वास्ते हो। अगर अल्लाह की रज़ा और उसके अहकाम की तामील मेरा उद्देश्य न होता, तो अल्लाह तआला बेहतर जानता है कि मुझे तक़रीरें करनी और उपदेश सुनाना तो एक तरफ़, मैं तो हमेशा हमेशा अलग अकेले रहने ही को पसंद करता हूँ और तन्हाई में वह आनंद पाता हूँ जिस को वर्णन नहीं कर सकता, परन्तु क्या करूँ लोगों की हमदर्दी खींच खींच कर बाहर ले आती है और अल्लाह तआला का हुक्म है, जिसने मुझे तब्लीग़ पर निर्धारित किया है। मैं ने यह बात कि ज़ाहिरी बात चीत ही को पसंद न किया जाए, इसलिए वर्णन की है कि हर खेर में भी शैतान का हिस्सा रखा होता है। अत: जब इन्सान उपदेश देने के लिए खड़ होता है तो इस में शक नहीं कि امر بالمعروف اور نہی عن المنکر (नाकियों का निर्देश देना और अवैध कामों से रोकना) बहुत ही अच्छा काम है, परन्तु इस पद पर खड़ा होने वाले को डरना चाहिए कि इस में गुप्त रूम में शैतान का भी हिस्सा है। कुछ तो उपदेश के अंतर्गत आता है और कुछ सुनने वालों के हिस्से में। इस की हक़ीक़त यह है कि जब उपदेश के लिए खड़े होते हैं, तो उद्देश्य और दिल्ली तमन्ना केवल यह होती है कि मैं ऐसी तक़रीर करूँ कि उपस्थितगण ख़ुश हो जाएं। ऐसे शब्दों और वाक्यों को बोलूँ कि हर तरफ़ से वाह वाह की आवाज़ें आएं। मैं इस किस्म

शेष पृष्ठ 12 पर

क़ुरआन को समस्त संसार तक पहुंचाना ज़रूरी है क्योंकि उस का नुज़ूल समस्त संसार की तरफ़ है और यह समस्त संसार का माल है काश! मुस्लमान इस बिंदु को समझते और इस्लाम की तब्लीग़ के कर्तव्य के अदा करने में सुस्ती न करते तो आज दुनिया में इस्लाम के सिवा कोई और मज़हब नज़र नहीं आता एक ईसाई का कथन है कि क़ुरआन में यह ख़ूबी है कि हर मज्लिस में पढ़ा जा सकता है, परन्तु हमारी किताबें ऐसी हैं कि हर मज्लिस में नहीं पढ़ी जा सकतीं

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हो सूरत नहल आयत 44 بِالْبَيِّنٰتِ وَالزُّبُرِ ؕ وَاَنْزَلْنَاۤ اِلَيْكَ الذِّكْرَ لِتُبَيِّنَ لِلنَّاسِ مَا نُزِّلَ اِلَيْهِمْ وَلَعَلَّهُمْ يَتَفَكَّرُوْنَ की तशरीह में फ़रमाते हैं

لِتُبَيِّنَ لِلنَّاسِ مَا نُزِّلَ اِلَيْهِمْ --- لِتُبَيِّنَ का लाम लामे तालील भी हो सकता है और लाम आक़िबत भी। लाम तालील की सूरत में उसके यह माने होंगे कि हमने तुझ पर दूसरी पुस्तकों से उच्च विशेषताओं वाली किताब उतारी है ताकि तू समस्त संसार को वह शिक्षा सुनाए जो उनके लिए उतारी गई है अर्थात तुझ पर उतरने वाली शिक्षा का सबसे सर्वोत्तम होना इस कारण से है कि अल्लाह तआला ने उसे किसी एक क़ौम या एक ज़माना के लोगों के लिए नाज़िल नहीं किया बल्कि सब लोगों के लिए नाज़िल किया है। चाहे वे किसी क़ौम के हों या किसी ज़माना के हों। लाम आक़िबत की सूरत में यह अर्थ होंगे कि चूँकि तुझ पर सर्वोत्तम पुस्तक नाज़िल हुई है इस लिए तू उसे छुपा कर किस तरह रख सकता था। इस सर्वोत्तम पुस्तक का नुज़ूल उसका कारण हुआ है कि तू समस्त संसार को इस की तरफ़ बुला रहा है। ऐसी किताब जिस पर नाज़िल हो वह ख़ामोश किस तरह रह सकता है।

نُزِّلَ اِلَيْهِمْ कह कर कुफ़्फ़ार की भावनाएं प्रेम को उभारा है अर्थात जबकि किताब तुझ पर नाज़िल हुई है लेकिन चूँकि उद्देश्य यह है कि इस किताब से समस्त संसार लाभ उठाए इस लिए वास्तव में यह नुज़ूल सारी दुनिया पर ही है। फिर ये लोग अल्लाह तआला की इस मुहब्बत की क़दर क्यों नहीं करते। نُزِّلَ اِلَيْهِمْ से इस बात पर भी ज़ोर दिया गया है कि इस किताब का समस्त संसार तक पहुंचाना ज़रूरी है क्योंकि इसका नुज़ूल समस्त संसार की तरफ़ है और यह समस्त संसार का माल है। अत: उन तक उसका पहुंचाना निहायत महत्वपूर्ण कर्तव्य है। काश मुस्लमान इस बिंदु को समझते और इस्लाम की तब्लीग़ के फ़रीज़ा

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

क़ुरआन-ए-मजीद की हिफ़ाज़त करने वाला अल्लाह तआला है

(क़ुरआन-ए-मजीद की 26 आयतों पर आरोपों के उत्तर)

मुहम्मद हमीद कौसर, नाज़िर दावत इलाल्लाह मर्कज़िया उत्तर भारत, क़ादियान (भाग-7)

आरोप आयत नंबर 2(c)

وَاِذَا ضَرَبْتُمْ فِی الْاَرْضِ فَلَیْسَ عَلَیْکُمْ جُنَاحٌ اَنْ تَقْصُرُوْا مِنَ الصَّلٰوۃِ ۖ اِنْ خِفْتُمْ اَنْ یَّفْتِنَکُمُ الَّذِیْنَ کَفَرُوْا ؕ اِنَّ الْکٰفِرِیْنَ کَانُوْا لَکُمْ عَدُوًّا مُّبِیْنًا(सूरत निसा : आयत 4 102)

अनुवाद : और जब तुम ज़मीन में (जिहाद करते हुए) यात्रा पर निकलो तो तुम पर कोई गुनाह नहीं कि तुम नमाज़ क़सर कर लिया करो, यदि तुम्हें ख़ौफ़ हो कि वे लोग जिन्हों ने कुफ़्र किया है तुम्हें आज़माईश में डालेंगे। निसंदेह काफ़िर तुम्हारे खुले खुले दुश्मन हैं।

स्पष्टीकरण इस आयत में अल्लाह तआला ने मुस्लमानों को यह हुक्म दिया कि जब वे हालत जंग और मैदान-ए-जंग में हो और इस के लिए वे ज़मीन में यात्रा करने वालों की हालत में हों तो उनको आज्ञा दी गई है कि अपनी नमाज़ छोटी कर लिया करें। अर्थात ज़ुहर की दो रकात अस्र की दो रकात और इशा की दो रकात पढ़ लिया करें और एक और अवसर पर अल्लाह तआला ने ऐसी हालत में स्लातुल खौफ़ एक विशेष कैफ़ीयत में अदा करने की आज्ञा दी है और उसका उद्देश्य अल्लाह तआला ने यह बताया है कि ऐसा न हो कि तुम नमाज़ की अदायगी में डूबे हो और दुश्मन की तरफ़ तुम्हारी तवज्जा न हो और वे तुम्हें कोई मार और हानि पहुंचा जाएं। इस वजह से अल्लाह तआला ने जंग की हालत में सफ़र करने पर नमाज़ें क़सर करने और ज़रूरत के समय सलातुल खौफ़ अदा करने की इजाज़त दी है। बुद्धिमान व्यक्ति इन्सान की समझ से दूर है कि दरख़ास्त दहिंदा को इस साफ़ और सरीह आयत पर किया आरोप है? बहर हाल यह एक असूली तालीम है और क़ियामत तक रहने वाली तालीम है जब किसी समय और स्थान में उसकी ज़रूरत पेश आए तो इस पर अमल किया जाएगा उमूमी हालात में इस पर अमल नहीं किया जाता।

ऊपर वर्णित आयत के आख़िर में वर्णन है कि "اِنَّ الْکٰفِرِیْنَ کَانُوْا لَکُمْ عَدُوًّا مُّبِیْنًا" निसंदेह काफ़िर तुम्हारे खुले खुले दुश्मन हैं। शायद आरोप लगाने वाले इन शब्दों से यह तास्सुर देने की कोशिश कर रहे हैं कि "काफ़िर तुम्हारे खुले खुले दुश्मन हैं।" से मुराद यह है कि हर वह इन्सान जो मुस्लमान नहीं वह काफ़िर है और वह मुस्लमानों का दुश्मन है।

अगर इस ग़लती में ग्रस्त करने की कोशिश की जा रही है तो यह कोशिशें न केवल खंडन करने के योग्य बल्कि निंदनीय हैं। इस आयत का अर्थ यह है कि वे लोग जो इस्लाम का इन्कार करके इस को इस संसार से ख़त्म करने की कोशिशें करते हैं और तुम्हें सही तौर पर नमाज़ भी अदा नहीं करने देते वे तुम्हारे खुले खुले दुश्मन हैं। इस विषय में एक मिसाल तहरीर कि सन 5 हिजरी, फरवरी मार्च 627 ई. कुफ़्फ़ार का लश्कर जिसमें दस हज़ार से लेकर पंद्रह हज़ार तक अस्करी थे मदीना के मुस्लमानों को नष्ट करने के लिए मदीना के बाहर पहुंच गया। मुस्लमानों ने अपनी रक्षा के लिए एक ख़ंदक़ खोदी ताकि कुफ़्फ़ार उसे पार न कर सकें और मदीना उनके अचानक हमले से सुरक्षित रहे। मुस्लमानों ने अपने बचाओ और हिफ़ाज़त के लिए अपने सामर्थ्य अनुसार तैयारी की।

इस दौरान एक अवसर ऐसा आया कि मुस्लमान अस्र की नमाज़ वक़्त पर अदा नहीं कर सके। यहां तक आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने नमाज़ अस्र सूरज डूबने के बाद अदा की इसके बाद मग़रिब की नमाज़ अदा की।

हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु का वर्णन है कि ग़ज़वा ख़ंदक़ के दिन नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कि अल्लाह तआला ने इन काफ़िरों के घरों और क़ब्रों को आग से भर दिया जिन्हों ने सूरज डूब जाने तक हमें नमाज़-ए-अस्र न अदा करने दी। (बहवाला सही बुख़ारी, अबवाबुल मग़ाज़ी, बाब ग़ज़वा ख़नदक)

हासिल कलाम यह कि वर्णित आयत में विशेषता इन काफ़िरों की दुश्मनी का वर्णन है जो मुस्लमानों को बरवक़्त नमाज़ अदा करने में रोक बनते थे।

आरोप आयत नंबर 2(e)

اِنَّ الَّذِیْنَ کَفَرُوْا بِاٰیٰتِنَا سَوْفَ نُصْلِیْھِمْ نَارًا ؕ کُلَّمَا نَضِجَتْ جُلُوْدُھُمْ بَدَّلْنٰھُمْ جُلُوْدًا غَیْرَھَا لِیَذُوْقُوا الْعَذَابَ ؕ اِنَّ اللّٰہَ کَانَ عَزِیْزًا حَکِیْمًا(सुरत निसा 4 57)

अनुवाद : यक़ीनन वे लोग जिन्हों ने हमारी आयात का इन्कार किया है हम उन्हें आग में दाख़िल करेंगे। जब कभी उनके चमड़े गल जाऐंगे हम उन्हें बदल कर दूसरे चमड़े दे देंगे ताकि वे अज़ाब को चखें। निसंदेह अल्लाह कामिल ग़लबा और साहब-ए-हिक्मत है।

स्पष्टीकरण : क़ुरआन-ए-मजीद में इन्सान के जन्म का यह उद्देश्य बताया गया है कि وَمَا خَلَقْتُ الْجِنَّ وَالْاِنْسَ اِلَّا لِیَعْبُدُوْنِ(सूरत ज़ारियात 51 57) अनुवाद : और मैंने जिनो और इंसानों को पैदा नहीं किया परन्तु इस उद्देश्य से कि वे मेरी इबादत करें।

फिर फ़रमाया : الَّذِیْ خَلَقَ الْمَوْتَ وَالْحَیٰوۃَ لِیَبْلُوَکُمْ اَیُّکُمْ اَحْسَنُ عَمَلًا ؕ وَھُوَالْعَزِیْزُ الْغَفُوْرُ(सूर: अल् मुल्क,सूर: नंबर 67 आयत 3)अनुवाद : वही जिसने मौत और ज़िंदगी को पैदा किया ताकि वे तुम्हें परखे कि तुम में से कौन अमल के एतबार से बेहतरीन है। और वह कामिल ग़लबा वाला (और) बहुत क्षमा करने वाला है।

फिर फ़रमाया وَھَدَیْنٰہُ النَّجْدَیْنِ (सूरत बल्दिया 90 आयत 11) अनुवाद : और हमने उसे दो उच्च रास्तों की तरफ़ हिदायत दी। तथा फ़रमाया : فَاَلْھَمَھَا فُجُوْرَھَا وَتَقْوٰھَا (सूरत शमस 91आयत नंबर 9) अनुवाद अत: उसकी बे इन्साफियोंऔर उसकी परहेज़गारियों (की तमीज़ करने की सलाहीयत) को उसकी फ़ित्रत में डाला गया।

इसकी मज़ीद स्पष्टीकरण यह है कि हर इन्सान का अपनी माँ की गर्भ में जिस्म तैयार होता है फिर वे जन्म लेकर इस दुनिया में आता है इस दुनिया में कोई इन्सान यह नहीं बता सकता कि वह अपनी माँ के गर्भ में आने से पहले कहाँ था और कैसा था। और फिर यह भी एक हक़ीक़त है कि इन्सानी ज़िंदगी दो चीज़ों का मेल है एक उसका जिस्म दूसरी उसकी रूह (आत्मा) और जब उसकी रूह जिस्म से निकल जाती है तो कहा जाता है कि उसकी मौत हो गई और मौत के बाद बहुत से धर्मे वाले उसके मुर्दा जिस्म को जलते हुए अंगारों में जला कर राख कर देते हैं एक दृश्य **نضجت جلودھم** का यहां नज़र आजाता है और कुछ धर्म वाले इस जिस्म को क़ब्र के हवाले कर के ख़ाक बना देते हैं जहां उसके जिस्म को ज़मीनी कीड़े मकोड़े खा कर नष्ट कर देते हैं और **نضجت جلودھم** इस तरह भी पूरा हो रहा होता है इसके बाद उसकी रूह उस जगह वापस चली जाती है जहां से वह आई थी और अगर इस दुनिया में उसने अपनी ज़िंदगी ख़ुद अपने मालिक और स्रष्टा की तालीमात के अनुसार गुज़ारी होगी तो उसका अगला सफ़र जन्नत में रुहानी दर्जों प्रप्ति के लिए शुरू हो जाता है। जिसने इस दुनिया में गुनाह, पाप, बुराइयाँ, ज़ुलम का इर्तिकाब किया होगा उसको उसके गुनाहों की सज़ा देने के लिए जहन्नुम की तरफ़ भिजवा दिया जाता है जहां उसके गुनाहों की सज़ा के बाद उसको जहन्नुम से निकाल कर जन्नत के आरंभिक दर्जों की तरफ़ सफ़र के लिए भिजवा दिया जाता है इसलिए इस बारे में हज़रत मिर्ज़ा बशीरुद्दीन महमूद अहमद साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु (1965-1889) फ़रमाते हैं "इन्सान हमेशा दोज़ख़ में नहीं रहेगा बल्कि जिस तरह माँ के पेट में कुछ अरसा के लिए रहता है इस तरह कुछ अरसा के लिए वह दोज़ख़ में रहे ग़ाफ़िर बाहर की खुली हवा अर्थात जन्नत में आ जाएगा। इसी तरह हदीस में रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम फ़रमाते हैं : یاتی علی جھنم زمان لیس فیھا احد و نسیم الصبا تحرک ابوابھا

(तफ़सीर मुआलिम तनज़ील आयत 107/11: فَاَمَّا الَّذِیْنَ شَقُوْا)

अर्थात जहन्नुम पर एक ऐसा ज़माना आएगा कि इस में कोई व्यक्ति नहीं होगा और हवा उसके दरवाज़ों को खटखटाएगी इस हदीस से भी इसक़ुरआन की आयत की तसदीक़ होती है।" (तफ़सीर सग़ीर हाशिया पृष्ठ 844)

इस दुनिया में हम देखते हैं कि क़ातिल, चोर, डाकू, व्यभिचारी को जेल की सज़ाएं दी जाती हैं और उनमें से कुछ को फांसी की सज़ा गले में रसा और फंदा डाल कर तख़्ते पर लटका कर दी जाती है। प्रश्न पैदा होता है कि ऐसा क्यों किया जाता है? इसके उत्तर में यही कहा जाएगा कि उसको उसके जुर्म की सज़ा का मज़ा चखाने के लिए। इसी से अंदाज़ा लगा लें कि इस आयत में यह जो वर्णन है कि जब कभी उनके चमड़े गल जाऐंगे हम उन्हें बदल कर दूसरे चमड़े दे देंगे ताकि वे अज़ाब चखें। गुनाहों का अज़ाब चखाने के लिए क़ुरआन-ए-मजीद में ये शब्द आए हैं परन्तु क़ुरआन-ए-मजीद और अहादीस से यह भी इलम होता है कि जहन्नुम से एक दिन सब रिहाई पा जाऐंगे।

इस हक़ीक़त को वर्णन करने के बाद इस आयत पर कोई आरोप बाक़ी नहीं रहता बल्कि हमारी दुआ है कि अल्लाह तआला हर इन्सान को वर्णित आयत से इबरत और नसीहत हासिल करने की तौफ़ीक़ अता फ़रमाए और अपने उद्देश्य को समझ कर ऐसी ज़िंदगी गुज़ारने की तौफ़ीक़ दे जो रज़ाए इलाही के हुसूल के लिए हो। आमीन।

(शेष आगे)

★ ★ ★

ख़ुत्बः जुमअः

इब्न-ए-अबी क़हाफ़ा की मिसाल फ़रिश्तों में मीकाईल की भांति है (हदीस)

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के महान ख़लीफ़ा राशिद सिद्दीक़-ए-अकबर हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु की विशेषताएं और गुण

ग़ज़वा-ए-बनू क़ुरैज़ा, सुलह हुदैबिया, सरय्या अबू बकर बनू फ़ज़ारा की तरफ, सरय्या अबू बक़र नजद की तरफ और ग़ज़वा-ए-फ़तह मक्का का वर्णन

देखो उमर! सँभल कर रहो, रसूले ख़ुदा की रिकाब पर जो हाथ तुम ने हाथ रखा है उसे ढीला न होने देना क्योंकि ख़ुदा की क़सम यह व्यक्ति जिसके हाथ में हमने अपना हाथ दिया है बहरहाल सच्चा है (सिद्दीक़-ए-अकब रज़ियल्लाहु अन्हु)

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 04 फ़रवरी 2022 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ

आज कल हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु का वर्णन हो रहा है और कुछ ग़ज़वात का भी वर्णन हुआ था। ग़ज़व-ए-बनू क़ुरैज़ा एक ग़ज़वा था। वाकदी ने ग़ज़वा-ए-बनू क़ुरैज़ा में शामिल लोगों के नाम वर्णन किए हैं जिस के अनुसार क़बीला बनू तीम में से हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत तलहा बिन उबयदुल्लाह रज़ियल्लाहु अन्हु भी ग़ज़वा-ए-बनू क़ुरैज़ा में शामिल हुए थे।

(किताबुल मग़ाज़ी लिल् वाकदी, भाग 2, पृष्ठ 4 ग़ज़वा बनी कुरेज़ा, दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2013 ई.)

अब्दुर्रहमान बिन ग़नम रज़ियल्लाहु अन्हु रिवायत करते हैं कि जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बनू क़ुरैज़ा की तरफ़ रवाना हुए तो हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में अर्ज़ क्या हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम लोग अगर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को दुनियावी ज़ीनत वाले लिबास में देखेंगे तो उनमें इस्लाम क़बूल करने की इच्छा अधिक होगी। अत: आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम वह वस्त्र पहने जो हज़रत साद बिन अबाद: रज़ियल्लाहु अन्हु ने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में पेश किया था। अत: आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उसे पहनें ताकि मुशरेकीन आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर ख़ूबसूरत लिबास देखें। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया मैं ऐसा करूँगा। अल्लाह की क़सम! अगर तुम दोनों मेरे लिए किसी एक बात पर सहमत हो जाओ तो मैं तुम्हारे मश्वरे के ख़िलाफ़ नहीं करता और मेरे रब ने मेरे लिए तुम्हारी मिसाल ऐसी ही वर्णन की है जैसा कि उसने फ़रिश्तों में से जिब्राईल और मीकाईल की मिसाल वर्णन की है। जहां तक इब्ने ख़त्ताब हैं तो उनकी मिसाल फ़रिश्तों में से जिब्राईल की सी है। अल्लाह ने हर उम्मत को जिब्राईल के द्वारा ही हलाक किया है और उनकी मिसाल नबियों में से हज़रत नूह की तरह है जब उन्होंने कहा رَبِّ لَا تَذَرْ عَلَى الْاَرْضِ مِنَ الْكٰفِرِيْنَ دَيَّارًا (नूह : 27) हे मेरे रब काफ़िरों में से किसी को ज़मीन पर बसा हुआ न रहने दे। और इब्न-ए-अबी क़हाफ़ा की मिसाल फ़रिश्तों में मीकाईल की भांति है अर्त:त हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो की मिसाल। जब वे मग़फ़िरत तलब करता है तो उन लोगों के लिए जो ज़मीन में हैं और नबियों में इस की मिसाल हज़रत इब्राहीम अ. की तरह है जब उन्होंने कहा فَمَنْ تَبِعَنِيْ فَاِنَّهٗ مِنِّيْ وَ مَنْ عَصَانِيْ فَاِنَّكَ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ(इब्राहीम : 37) अत: जिसने मेरी पैरवी की तो वह नि:संदेह मुझ से है और जिसने मेरी ना-फ़रमानी की तो नि:संदेह तू बहुत बख़शने वाला और बार-बार रहम करने वाला है। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया अगर तुम दोनों मेरे लिए किसी एक बात पर सहमत हो जाओ तो मैं मश्वरा में तुम दोनों के ख़िलाफ़ नहीं करूँगा। लेकिन तुम दोनों की हालत मश्वरे में कई तरह की है जैसे जिब्राईल और मीकाईल और नूह और इबराहीम अलैहिस्सलाम की मिसाल है। (कंज़ुल उम्माल, भाग 7 पृष्ठ 10 किताब अल् फ़ज़ायल, फ़ज़ाइल अल् सहाबा, रिवायत नंबर 36132 दारुल क़ुतुब इल्मिया 2004 ई.)

नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने जब बनू क़ुरैज़ा का घेराव किया हुआ था तो इस हवाले से एक रिवायत में वर्णित है। आयशा बिंत साद ने अपने पिता से वर्णन किया। वह वर्णन करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुझ से फ़रमाया। हे साद आगे बढ़ो और उन लोगों पर तीर चलाओ। मैं इस हद तक आगे बढ़ा कि मेरा तीर उन तक पहुंच जाएँ और मेरे पास पच्चास से अधिक तीर थे जो हमने चंद लम्हों में चलाए मानो हमारे तीर टिड्डी दिल की तरह थे। अत: वे लोग अंदर घुस गए और उनमें से कोई भी झांक कर बाहर नहीं देख रहा था। हम अपने तीरों के विषय में डरने लगे कि कहीं वे सारे ही ख़त्म न हो जाएं। अत: हम उनमें से कुछ तीर चलाते और कुछ को अपने पास सुरक्षित रखते।

हज़रत काब बिन अमर और माज़ेनी भी तीर चलाने वालों में से थे। वह कहते हैं कि मैं ने उस दिन जितने तीर मेरे तरकश में थे वह सारे चलाए यहां तक कि जब रात का कुछ हिस्सा गुज़र गया तो हमने उन लोगों पर तीर चलाना बंद कर दिए। वह कहते हैं कि हम तीर-अंदाज़ी कर चुके थे और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपने घोड़े पर सवार थे और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बिना हथयारों के थे और घुड़सवार आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इर्द-गिर्द थे। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हमें इरशाद फ़रमाया तो हम अपने अपने ठिकानों की तरफ़ लौट आए और हमने रात गुज़ारी। और हमारा खाना वे खजूरें थीं जो हज़रत साद बिन उबादह रज़ियल्लाहु अन्हु ने भेजी थीं और वे खजूरें काफ़ी ज़्यादा थीं। हमने रात उन ख़जूरों में से खाते हुए गुज़ारी। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम, हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु को देखा गया कि वे भी खजूरें खा रहे थे। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम फ़रमाते कि खजूर क्या ही उम्दा खाना है।

(किताबुल मगाज़ी लिल् वाक्त्दी, भाग 2, पृष्ठ 6 ग़ज़वा बनू कुरैज़, दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2013 ई.)

हज़रत साद बिन माज़ रज़ियल्लाहु अन्हु ने जब बनू क़ुरैज़ा के विषय में निर्णय किया तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनकी तारीफ़ की और फ़रमाया कि तुमने अल्लाह के हुक्म के अनुसार निर्णय किया है। इस पर हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हु ने दुआ की कि हे अल्लाह अगर तू ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की क़ुरैश के साथ कोई और जंग मुक़द्दर कर रखी है तो मुझे उसके लिए ज़िंदा रख और अगर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और क़ुरैश के मध्य जंग का अंत कर दिया है तो मुझे वफ़ात दे दे। हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा वर्णन फ़रमाती हैं कि उनका घाव खुल गया हालाँकि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ठीक हो चुके थे और उस घाव का मामूली निशान बाक़ी रह गया था और वह अपने ख़ेमे में वापस आ गए जो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनके लिए लगवाया था। हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा वर्णन फ़रमाती हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु उनके पास तशरीफ़ लाए और हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा फ़रमाती हैं कि उसकी क़सम जिसके क़बज़ा क़ुदरत में मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की जान है कि मैं हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु के रोने की आवाज़ को हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो के रोने की आवाज़ से अलग पहचान रही थी जबकि मैं अपने हुजरे में थी। अर्थात उस वक़्त जब हज़रत साद रज़ियल्लाहु अन्हु की प्राणांत होने की दशा थी, तो ये दोनों रो रहे थे। मैं अपने हुजरे में थी और वह ऐसे ही थे जैसे कि अल्लाह ने फ़रमाया है رُحَمَآءُ بَيْنَهُمْ(अल् फ़तह : 30) अर्थात आपस में एक दूसरे से बेहद

प्रेम करने वाले हैं। (उद्धरित मस्नद अहमद बिन हम्बल, भाग 8 पृष्ठ 256 से 259 मसनद आयशा रिवायत 25610 अलेमुल क़ुतुब 1998 ई.)

सुलह हुदैबिया के हवाले से लिखा है जैसा कि पिछले ख़ुतबात में वर्णन हो चुका है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने एक स्वप्न देखा कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपने सहाबा के साथ बैतुल्लाह का तवाफ़ कर रहे हैं। इस स्वप्न की बिना पर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम चौदह सौ सहाबा की जमईयत के साथ ज़ुल्कादा 6 हिज्री के शुरू में रविवार के दिन सुबह के समय मदीना से उमरह की अदायगी के लिए रवाना हुए। (उद्धरित सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पृष्ठ 749-750)

जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को मालूम हुआ कि कुफ़्फ़ार-ए-मक्का ने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को मक्का में दाख़िल होने से रोकने की तैयारी कर ली है तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने सहाबा से मश्वरा माँगा। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने मश्वरा देते हुए अर्ज़ किया कि हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम! हम तो केवल उमरे के लिए आए हैं हम किसी से लड़ने नहीं आए। मेरी राय यह है कि हम अपनी मंज़िल की तरफ़ जाएं। अगर कोई हमें बैतुल्लाह से रोकने की कोशिश करेगा तो हम उससे लड़ाई करेंगे।

(उद्धरित सब्लुल हुदा वर्रिशाद, भाग 5 पृष्ठ 37 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 1993 ई.)

सुलेह हुदैबिया के अवसर पर जब क़ुरैश की तरफ़ से आपसी बात चीत के लिए वफ़ूद का सिलसिला शुरू हुआ तो उर्वा आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आए और नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से बात चीत करने लगे। उर्वा ने कहा मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) बताओ तो सही अगर तुमने अपनी क़ौम को पूर्णता नाबूद कर दिया तो क्या तुमने अरबों में से किसी अरब के विषय में सुना है जिसने तुमसे पहले अपने ही लोगों को तबाह कर दिया हो? और अगर दूसरी बात हो अर्थात क़ुरैश ग़ालिब हुए तो अल्लाह की क़सम मैं तुम्हारे साथियों के चेहरों को देख रहा हूँ जो इधर उधर से इकट्ठे हो गए हैं वे भाग जाऐंगे और तुम्हें छोड़ देंगे। यह सुनकर हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने उर्वा बिन मसऊद से निहायत कठोर शब्दों में कहा कि जाओ जाओ जा कर अपने बुत लात को चूमते फिरो अर्थात उसकी पूजा करो। इस पर उर्वा ने पूछा यह कौन है? लोगों ने कहा अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो। उर्वा ने कहा देखो उस ज़ात की क़सम! जिसके हाथ में मेरी जान है कि अगर तुम्हारा मुझ पर एक एहसान न होता जिसका मैं ने अभी तक तुम्हें बदला नहीं दिया तो मैं इस का तुम्हें उत्तर देता। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो का एहसान यह था कि एक विषय में उर्वा पर दियत जब वाजिब हुई तो हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने दस गाभन ऊंटनियों के साथ उसकी सहायता की थी। बहरहाल उर्वा ने यह कहा और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से बातें शुरू कर दें।

सुलह हुदैबिया के अवसर पर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ क़ुरैश का अनुबंध हो रहा था। हज़रत उमर बिन ख़त्ताब रज़ियल्लाहु अन्हो कहते थे कि मैं नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आया और मैंने कहा क्या आप सच-मुच अल्लाह के नबी नहीं हैं? आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया क्यों नहीं। मैंने कहा क्या हम हक़ पर नहीं हैं और हमारा दुश्मन झूठ पर? आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया क्यों नहीं। मैंने अर्ज़ किया तो फिर हम अपने दीन के विषय में अपमान जनक शर्तें क्यों मानें? आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया मैं अल्लाह का रसूलुल्लाह हूँ और मैं उसकी ना-फ़रमानी नहीं करूँगा। वह मेरी मदद करेगा। अर्थात अगर मैं शर्तें मान रहा हूँ तो यह अल्लाह तआला के हुक्म की ना-फ़रमानी नहीं है। फ़रमाया कि वह मेरी मदद करेगा। मैंने कहा अर्थात हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा। क्या आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हम से नहीं कहते थे कि हम जल्द बैतुल्लाह में पहुँचेंगे और इस का तवाफ़ करेंगे? फ़रमाया: निसंदेह मैंने कहा था और क्या मैंने तुम्हें यह बताया था कि हम बैतुल्लाह इसी वर्ष पहुँचेंगे? आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने पूछा। मैंने यह तो नहीं कहा था कि हम इसी साल बैतुल्लाह पहुँचेंगे। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु कहते थे। मैंने कहा नहीं तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया तो फिर बैतुल्लाह ज़रूर पहुँचोगे और उसका तवाफ़ भी करोगे। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु कहते थे यह सुन कर मैं अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु के पास आया और मैंने अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो! क्या हक़ीक़त में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अल्लाह के नबी नहीं हैं? उन्होंने कहा क्यों नहीं। मैंने कहा क्या हम हक़ पर नहीं हैं और हमारा दुश्मन झूठ पर? उन्होंने कहा क्यों नहीं। मैंने कहा हम अपने दीन के विषय में अपमानित करने वाली शर्त क्यों स्वीकार करें? इस वक़्त अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा हे ख़ुदा के बन्दे! निसंदेह आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अल्लाह के रसूलुल्लाह हैं और रसूलुल्लाह अपने रब की ना-फ़रमानी नहीं किया करता और अल्लाह ज़रूर उनकी सहायता करेगा। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने तक़रीबन वही शब्द दोहराए जो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाए थे। फिर हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु को फ़रमाया कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की तै किए वादे को मज़बूती से थामे रहो। अल्लाह की क़सम! आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम निसंदेह हक़ पर हैं। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो कहते हैं मैं ने कहा कि क्या आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हम से नहीं कहते थे कि हम ज़रूर बैतुल्लाह में पहुँचेंगे और उसका तवाफ़ करेंगे। अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा अवश्य। क्या आंहुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यह भी बताया था कि तुम इसी वर्ष वहां पहुँचोगे? हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो कहते हैं इस पर मैंने कहा नहीं। तो इस पर हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा फिर तुम ज़रूर वहां पहुँचोगे और उसका तवाफ़ ज़रूर करोगे। ज़ोहरी ने कहा कि हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु कहते थे कि मैं ने इस ग़लती की वजह से बतौर कफ़्फ़ारा कई नेक अमल किए।(उद्धरित सही बुख़ारी, किताब الشروط ،بَابُ الشُّرُوطِ فِي الْجِهَادِ وَالْمُصَالَحَةِ مَعَ أَهْلِ الحَرْبِ وَكِتَابَةِ الشُّرُوطِ ،हदीस नम्बर 2731-2732)(उद्धरित उम्दतुल कारी, भाग 14 पृष्ठ 16 दारुल दारुल अहया तुर्रास अरबी बेरूत) यह बुख़ारी में से लिया गया है।

इसी सुलेह हुदैबिया की तफ़सीलात का वर्णन करते हुए हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हो ने लिखा है कि उर्वा आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में आया और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ बात चीत शुरू की। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सामने अपनी वही तक़रीर दोहराई जो इस से क़बल आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बुदेल बिन वर्का के सामने फ़र्मा चुके थे। उर्वा उसूलन आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की राय के साथ सहमत था परन्तु क़ुरैश की सिफ़ारत का हक़ अदा करने और उनके हक़ में ज़्यादा से ज़्यादा शर्तें सुरक्षित कराने के उद्देश्य से कहने लगा। हे मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम)! अगर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस जंग में अपनी क़ौम को मालिया-मेट कर दिया तो क्या आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अरबों में किसी ऐसे आदमी का नाम सुना है जिसने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से पहले ऐसा ज़ुलम ढाया हो लेकिन अगर बात अस्त-व्यस्त हुई अर्थात क़ुरैश को ग़लबा हो गया तो ख़ुदा की क़सम! मुझे आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इर्द गिर्द ऐसे मुँह नज़र आ रहे हैं कि उन्हें भागते हुए देर नहीं लगेगी और ये सब लोग आपका साथ छोड़ देंगे। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो जो उस वक़्त आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास ही बैठे थे उर्वा के ये शब्द सुन कर क्रोध से भर गए और फ़रमाने लगे जाओ जाओ और लात को, अर्थात उनका बुत जो लात है, उसको चूमते फिरो। क्या हम ख़ुदा के रसूलुल्लाह को छोड़ जाऐंगे? लात बुत जो था वे क़बीला बनू सक़ीफ़ का एक प्रसिद्ध बुत था। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु का मतलब यह था कि तुम लोग बुतपरस्त हो और हम लोग ख़ुदा-परस्त हैं तो क्या ऐसा हो सकता है कि तुम तो बुतों की ख़ातिर सब्र-ओ-सबात दिखाओ और हम ख़ुदा पर ईमान लाते हुए रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को छोड़ कर भाग जाएं। उर्वा ने तैश में आकर पूछा यह कौन व्यक्ति है जो इस तरह मेरी बात काटता है? लोगों ने कहाया अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो। अबू बकर का नाम सुनकर उर्वा की आँखें शर्म से नीची हो गईं। कहने लगा हे अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो अगर मेरे सिर पर तुम्हारा एक भारी एहसान न होता। यहां भी यही वर्णन किया है कि हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने एक दफ़ा उसका क़र्ज़ अदा करके उसकी जान छुड़ाई थी। तो ख़ुदा की क़सम मैं तुम्हें उस वक़्त बताता कि ऐसी बात का जो तुमने कही है किस तरह उत्तर देते हैं।

(उद्धरित सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम, पृष्ठ 757-756)

बुख़ारी के एक हवाले में वर्णित है कि सुलह हुदैबिया के अवसर पर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ क़ुरैश का अनुबंध हो रहा था और शर्तें तै पा चुकी थीं। उस वक़्त हज़रत अबू जिंदल जो कि सुहेल बिन अम्र के बेटे थे अपनी ज़ंजीरों में लड़खड़ाते हुए आए। सुहेल बिन अम्र ने जो मक्का की तरफ़ से बतौर सफ़ीर आए थे उसने उनको वापस करने का मुतालिबा किया। आंहुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उस को क़ुरैश को वापस कर दिया। (उद्धरित सही बुख़ारी, किताब بَابُ الشُّرُوطِ فِي الْجِهَادِ وَالْمُصَالَحَةِ ،हदीस नम्बर 2731-2732)

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हो ने इस की कुछ तफ़सील से वर्णन किया है और इस में इस वाक़िया का भी वर्णन है जो हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से बेहस करते हुए किया था कि अगर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अल्लाह तआला के सच्चे

नबी हैं तो फिर हम यूं नीचे लग कर बात क्यों करें। बहरहाल इसकी तफ़सील यह है अर्थात अबू जिंदल के साथ ज़्यादती हो रही है इस पर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने यह बात की।

"मुस्लमान ये दृश्य देख रहे थे" अब्बू जिंदल से ज़्यादती का "और मज़हबी ग़ैरत से उनकी आँखों में ख़ून उतर रहा था रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के सामने सहम कर ख़ामोश थे। आख़िर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु से न रहा गया। वह आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के क़रीब आए और काँपती हुई आवाज़ में फ़रमाया। क्या आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ख़ुदा के सच्चे रसूलुल्लाह नहीं? आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया हाँ हाँ ज़रूर हूँ। उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा क्या हम हक़ पर नहीं और हमारा दुश्मन झूठ पर नहीं? आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया हाँ हाँ ज़रूर ऐसा ही है। उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा तो फिर हम अपने सच्चे दीन के मामले में ये अपमान क्यों सहन करें? आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु की हालत को देख कर संक्षिप्त शब्दों में फ़रमाया। उमर! मैं ख़ुदा का रसूलुल्लाह हूँ और मैं ख़ुदा की इच्छा को जानता हूँ और इसके ख़िलाफ़ नहीं चल सकता और वही मेरा सहायक है परन्तु हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु की तबीयत का समुद्र हर क्षण बढ़ रहा था। कहने लगे क्या आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हम से यह नहीं फ़रमाया था कि हम बैतुल्लाह का तवाफ़ करेंगे? आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया हाँ मैंने ज़रूर कहा था परन्तु क्या मैंने यह भी कहा था कि यह तवाफ़ ज़रूर इसी साल होगा? उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा नहीं ऐसा तो नहीं कहा। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया तो फिर इंतिज़ार करो। तुम इंशा अल्लाह ज़रूर मक्का में दाख़िल होगे और काअबा का तवाफ़ करोगे। परन्तु इस जोश के आलम में हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु की तसल्ली नहीं हुई लेकिन चूँकि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का विशेष प्रभाव था इस लिए हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु वहां से हट कर हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो के पास आए और उनके साथ भी इसी किस्म की जोश की बातें कीं। और हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने भी इसी किस्म के उत्तर दिए परन्तु साथ ही हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने नसीहत के रंग में फ़रमाया देखो उम्र सँभल कर रहो। रसूलुल्लाह-ए-ख़ुदा की रिकाब पर जो हाथ तुमने रखा है उसे ढीला न होने देना क्योंकि ख़ुदा की क़सम! यह व्यक्ति जिसके हाथ में हमने अपना हाथ दिया है बहरहाल सच्चा है।

हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु कहते हैं कि उस वक़्त में अपने जोश में ये सारी बातें कह तो गया परन्तु बाद में मुझे सख़्त शर्मिंदगी हुई और मैं तौबा के रंग में इस कमज़ोरी के असर को धोने के लिए बहुत से नफ़्ली आमाल बजा लाया। अर्थात सदक़े किए। रोज़े रखे। नफ़्ली नमाज़ें पढ़ीं और ग़ुलाम आज़ाद किए ताकि मेरी इस कमज़ोरी का दाग़ धुल जाए।"

(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम, पृष्ठ 767-768)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सुलह हुदैबिया के वाक़ियात वर्णन करते हुए फ़रमाते हैं कि "रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जब ख़ाना काबा के तवाफ़ के लिए तशरीफ़ ले गए तो कुफ़्फ़ार ने ख़बर पा कर अपने एक सरदार को आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की तरफ़ रवाना किया कि वह जा कर कहे कि इस साल आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम तवाफ़ के लिए न आएं। वह सरदार आपके पास पहुंचा और बातचीत करने लगा। बात करते वक़्त उसने आपके पवित्र बालों को हाथ लगाया कि आप इस दफ़ा तवाफ़ न करें और किसी अगले साल पर स्थगित कर दें।'' हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि'' एशीया के लोगों में दस्तूर है कि जब वे किसी से बात मनवाना चाहते हों तो मिन्नत के तौर पर दूसरे की दाढ़ी को हाथ लगाते हैं या अपनी दाढ़ी को हाथ लगा कर कहते हैं देखो! मैं बुज़ुर्ग हूँ और क़ौम का सरदार हूँ मेरी बात मान जाओ। इस लिए उस सरदार ने भी मिन्नत के तौर पर आपकी दाढ़ी को हाथ लगाया। यह देख कर एक सहाबी आगे बढ़े और अपनी तलवार का हत्था मार कर सरदार से कहा अपने नापाक हाथ पीछे हटाओ। सरदार ने तलवार का हत्था मारने वाले को पहचान कर कहा तुम वही हो जिस पर मैंने अमुक अवसर पर एहसान किया था। यह सुनकर वह सहाबी ख़ामोश हो गए और पीछे हट गए। सरदार ने फिर मिन्नत के तौर पर आपकी दाढ़ी को हाथ लगाया। सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हु कहते हैं कि हमें इस सरदार के इस तरह हाथ लगाने पर सख़्त ग़ुस्सा आ रहा था परन्तु उस वक़्त हमें कोई ऐसा व्यक्ति नज़र नहीं आता था जिस पर इस सरदार का एहसान न हो और उस वक़्त हमारा दिल चाहता था काश! हम में से कोई ऐसा व्यक्ति होता जिस पर इस सरदार का कोई एहसान न हो। इतने में एक व्यक्ति हम में से आगे बढ़ा जो सिर से पांव तक ख़ुद और ज़िरा में लिपटा हुआ था और बड़े जोश के साथ सरदार से सम्बोधित हो कर कहने लगा हटा लो अपना नापाक हाथ। ये हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो थे।'' जिन्हों ने यह कहा था। "सरदार ने जब उनको पहचाना तो कहा हाँ मैं तुम्हें कुछ नहीं कह सकता क्योंकि तुम पर मेरा कोई एहसान नहीं है।"

(हिन्दुस्तानी उलझनों का आसान तरीन हल, अनवारुल उलूम, भाग 18 पृष्ठ 560)

ज़ुल क़ादा छः हिज्री में सुलह हुदैबिया के अवसर पर जब सुलह नामा लिखा गया तो इस अनुबंध की दो नक़लें तैयार की गईं और बतौर गवाह के फ़रीक़ैन के अत्यधिक प्रतिष्ठित व्यक्तिगणों ने उन पर अपने हस्ताक्षर किए। मुस्लमानों की तरफ़ से हस्ताक्षर करने वालों में से हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु, हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु, हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु, हज़रत अब्दुर्रहमान बिन ओफ़ रज़ियल्लाहु अन्हु, हज़रत साद बिन अबी वक्कास रज़ियल्लाहु अन्हु, हज़रत अबू उबैदा बिन जराह रज़ियल्लाहु अन्हु थे। यह सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि से उद्धरित है।

(उद्धरित सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि अज़ हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब एम. ए.,पृष्ठ 769)

हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाया करते थे कि इस्लाम में सुलह हुदैबिया से बड़ी कोई और फ़तह नहीं है।

(सब्लुल हुदा वर्रिषाद, भाग 5 पृष्ठ 64 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 1993 ई.)

सरय्या हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो बनू फ़ज़ारह की तरफ़, इसके वर्णन में लिखा है कि यह सरय्या 6 हिज्री में हुआ है। बनू फ़ज़ारह नजद और कुरा की वादी में आबाद थे। (फरहंग सीरत, पृष्ठ 64 ज़वार-ए-अकेडेमी कराची 2003 ई.)

तबक़ातुल कुबरा में और सीरत इब्ने हश्शाम में लिखा है कि यह सरय्या हज़रत ज़ैद बिन हारिसा रज़ियल्लाहु अन्हु की कमान में भेजा गया था। (उद्धरित अल् तब्कातुल कुबरा, भाग 2 पृष्ठ 69 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2017 ई.)(उद्धरित सीरतुन नब्विय्या ले इब्ने हश्शाम, पृष्ठ 875 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2001 ई.)

लेकिन सही मुस्लिम और सुंन अबी दाऊद की हदीस से पता चलता है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो को इस सरय्या का अमीर निर्धारित फ़रमाया था। इस लिए सही मुस्लिम की रिवायत में है कि इय्यास बिन सलमा वर्णन करते हैं कि मेरे पास मेरे पिता ने वर्णन किया वह कहते हैं कि हमने फ़ज़ारह क़बीले से जंग की और हमारे अमीर हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो थे। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हम पर अमीर बनाया था।

(सही मुस्लिम, किताबुल जिहाद वस्सेर, باب التنفيل و فداء المسلمين بالاساری. हदीस 4573) (सुंन अबी दाऊद, किताब अल्जिहाद, باب الرخصة فی المدركين يفرق بينهم , हदीस 2697)

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हो ने भी इस सरय्या का वर्णन करते हुए यह वर्णन फ़रमाया है कि "आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हु काअएक दस्ता हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो की कमान में बनू फज़ाराह की तरफ़ रवाना फ़रमाया। यह क़बीला उस वक़्त मुस्लमानों के ख़िलाफ़ नुकसान पहुचना या जंग आदि के लिए तैयार था और इस दस्ता में सलमा बिन अक्वा भी शामिल हुए जो प्रसिद्ध तीर-अंदाज़ और दौड़ने में विशेष योगता रखते थे। सल्मा बिन अक्वा वर्णन करते हैं कि हम सुबह की नमाज़ के क़रीब उस क़बीला की क़रार गाह के पास पहुंचे और जब हम नमाज़ से फ़ारिग़ हुए तो हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो ने हमें हमले का हुक्म दिया। हम क़बीला फ़ज़ारा से लड़ते हुए उनके चशमा तक जा पहुंचे और मुशरिकीन के कई आदमी मारे गए जिसके बाद वे मैदान छोड़ कर भाग निकले और हमने कई आदमी क़ैद कर लिए। सलमा रज़ियल्लाहु अन्हु रिवायत करते हैं कि भागने वाले लोगों में से एक पार्टी बच्चों और औरतों की थी जो जल्दी जल्दी एक क़रीब की पहाड़ी की तरफ़ बढ़ रही थी। मैंने उनके और पहाड़ी के मध्य तीर फेंकने शुरू कर दिए। जिस पर यह पार्टी भयभीत हो कर खड़ी हो गई और हमने उन्हें क़ैद कर लिया। इन क़ैदियों में एक बूढ़ी महिला भी थी जिसने अपने ऊपर सुर्ख़ चमड़े की चादर ओढ़ रखी थी और उसकी एक ख़ूबसूरत लड़की भी उसके साथ थी। मैं इन सबको घेर कर हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो के पास ले आया और आप रज़ियल्लाहु अन्हु यह लड़की मेरी निगरानी में दे दी। फिर जब हम मदीना में आए तो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुझ से यह लड़की ले ली और उसे मक्का भिजवा कर उसके बदले में कुछ मुस्लमान क़ैदियों की रिहाई हासिल की जो मक्का वालों के पास क़ैद थे।''(सीरत सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पृष्ठ 716-717)जिन को मक्का वालों ने क़ैद किया हुआ था। इस लड़की के बदले उनको छुड़वाया।

ग़ज़वा-ए-ख़ैबर के बारे में वर्णन है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मुहर्रम के महीने में सात हिज्री में ख़ैबर की तरफ़ रवाना हुए। ख़ैबर एक नख़लिस्तान है जो मदीना मुनव्वरा से एक सौ चौरासी किलो मीटर उत्तर में स्थित है। यहां एक आतिश-फ़िशानी चटानों का सिलसिला है। यहां यहूद के बहुत से क़िले थे जिनमें से कुछ के निशान अब भी बाक़ी हैं। इन क़िलों को मुस्लमानों ने ग़ज़वा-ए-ख़ैबर

में फ़तह किया था। यह इलाक़ा निहायत ज़रख़ेज़ और यहूद का सबसे बड़ा केंद्र था। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने बाद मदीना पर सिबाब बिन उर्फ़ा ग़िफ़ारी को अमीर निर्धारित किया। (तारीख़ तिब्री भाग 3 पृष्ठ 144 ذکر الاحداث الکائنة فی سنة سبع من الهجرة غزوۂ خیبر बेरूत 2002 ई.)(एटलस सीरत नब्वी अज़ डाक्टर शौक़ी अबू ख़लील, पृष्ठ 330 दारुस्सलाम) (फ़र्हंग सीरत, पृष्ठ 117 ज़वार एकेडेमी कराची 2003 ई.)

ख़ैबर में क़िलों का घेराव दस से अधिक रातें रहा।

(मवाहिबुल दुनिया, भाग 1 पृष्ठ 517 ग़ज़वा-ए-ख़ैबर अल्मकतब इस्लामी 2004 ई.)

हज़रत बुरेदा रज़ियल्लाहु अन्हो फ़रमाते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को आधे सिर का दर्द हो जाता था तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम एक या दो दिन बाहर तशरीफ़ नहीं लाते थे। अत: जब आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम खेबर में उतरे तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को दर्द शक़ीक़ा हो गया तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम लोगों में तशरीफ़ नहीं लाए। सिर दर्द होती है जिसे शक़ीक़ा, migraine कहते हैं। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो को कतीबा के क़िलों की तरफ़ भेजा। अत: उन्होंने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का झंडा लिया और दुश्मन के मुक़ाबले में डट गए और सख़्त युद्ध किया। फिर वापस आ गए और फ़तह नहीं हुई हालाँकि उन्होंने बहुत कोशिश की थी। फिर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु को भेजा। उन्होंने भी आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का झंडा लिया और सख़्त क़िताल किया और यह पहले क़िताल से भी ज़्यादा सख़्त था। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम भी वापस लौट आए लेकिन फ़तह नहीं हुई।

(सब्लुल हुदा वर्रिशाद, भाग 5 पृष्ठ 124 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 1993 ई.)

इतिहास और जीवनी की अधिकतर पुस्तकों में यही मिलता है कि हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु को एक बाद एक अमीर लश्कर बनाया गया था लेकिन उनके हाथ से क़िला फ़तह नहीं हो सका। जबकि एक किताब है जिसका नाम "सय्यदना सिद्दीक़-ए-अकबर" है। यह लाहौर से फरवरी 2010 ई. में प्रकाशित हुई थी। हमारी तहक़ीक़ करने वालों ने इसको देखकर मुझे लिखा है। इस में मुसन्निफ़ ने लिखा है कि हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु के हाथ से वह क़िला फ़तह हुआ था लेकिन उसने कोई हवाला नहीं दिया। बहरहाल लेखक लिखता है कि एक क़िले की फ़तह के लिए हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो अमीर-ए-लश्कर हो कर गए जो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के हाथ पर फ़तह हुआ। दूसरे क़िला पर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु को निर्धारित किया गया वह भी सफ़ल हुए। तीसरे क़िला को विजय करने की मुहिम मुहम्मद बिन मसलम रज़ियल्लाहु अन्हो के सपुर्द हुई लेकिन वह इस में सफ़ल नहीं हुए तो हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया सुबह में ऐसे व्यक्ति को अमीर लश्कर बना कर इल्म दूँगा जो ख़ुदा और उस के रसूलुल्लाह को बहुत दोस्त रखता है और उस के हाथ से क़िला फ़तह होगा। इस लिए हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो को इल्म प्रदान हुआ और क़िला विजय हुआ। (सय्यदना सिद्दीक़ अक़बर रज़ियल्लाहु अन्हो, पृष्ठ 49 अल्हाज हकीम ग़ुलाम नबी एम. ए, मुद्रित अदबियात लाहौर)

एक रिवायत ग़ज़वा-ए-ख़ैबर के हवाले से वाक़दी की है। क्योंकि लोग उसकी तारीख़ भी पढ़ते हैं इसलिए वर्णन कर देता हूँ लेकिन ज़रूरी नहीं कि यह सौ फ़ीसद सही हो। बहरहाल वह लिखता है कि ग़ज़वा-ए-ख़ैबर के अवसर पर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के एक सहाबी हज़रत हुब्बाब बिन मुन्ज़िर रज़ियल्लाहु अन्हो ने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से अर्ज़ किया या रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो वसल्लम! यहूद खजूर के दरख़्त को अपनी जवान औलाद से भी अधिक प्रिय रखते हैं। आप उनके खजूर के दरख़्त काट दें। इस पर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ख़जूरों के दरख़्त काटने का इरशाद फ़रमाया और मुस्लमानों ने तेज़ी से ख़जूरों के दरख़्त काटने शुरू किए। यहां तक जो यह वर्णन है वह सौ फ़ीसद काबिल-ए-क़बूल नहीं हो सकता लेकिन बहरहाल यह अगला हिस्सा सही लगता है। कहते हैं कि इस पर हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आए और अर्ज़ क्या हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो वसल्लम! यक़ीनन अल्लाह ने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से ख़ैबर का वादा किया है और वह अपने वादे को पूरा करने वाला है जो उसने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से किए हैं। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम खजूर के दरख़्त न काटें। इस पर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हुक्म दिया और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मुनादी ने ऐलान किया और ख़जूरों के दरख़्त काटने से मना कर दिया।

(किताबुल मगाज़ी लिल् वाक्त्दी, भाग 2 पृष्ठ 120 बाब ग़ज़वा-ए-ख़ैबर दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2004 ई.)

जब अल्लाह तआला ने नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को ख़ैबर पर फ़त्हा नसीब फ़रमाई तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ख़ैबर की एक ख़ास वादी कती को अपने रिश्तेदारों और अपने ख़ानदान की औरतों और मुस्लमानों के मर्दों और औरतों में तक़सीम फ़रमाया। इस अवसर पर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अन्य रिश्तेदारों के अतिरिक्त हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु को भी एक सौ वसक गल्ला और खजूरें अता फ़रमाई।

(उद्धरित सीरतुं नबविय्या ले इब्ने हश्शाम, पृष्ठ 707 वर्णन مقاسم خیبر و اموالها. दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2001 ई.)

एक वसक साठ साव का होता है और एक साव अढ़ाई किलो का होता है। (लुग़ात अल्हदीस, भाग 4 पृष्ठ 487 और भाग 2 पृष्ठ 648) इस तरह तक़रीबन तीन सौ पचहत्तर मन आहार बनता है जो हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु के हिस्सा में आया।

सरय्या हज़रत अबू बकर नजद के बारे में लिखा है कि नजद एक अर्ध रेगिस्तान लेकिन शादाब इलाक़ा है। इस में असंख्य वादियां और पहाड़ हैं। यह जुनूब में यमन, उत्तर में सहराए शाम और इराक़ तक जा पहुंचता है। इसके मग़रिब में सहराए हिजाज़ स्थित है। यह इलाक़ा सतह ज़मीन से बारह सौ मीटर बुलंद है। इस बुलंदी के आधार पर इस को नजद कहते हैं।

(फ़रहंग सीरत, पृष्ठ 297 ज़वार एकेडेमी कराची 2003 ई.)

नजद में बनू किलाब मुस्लमानों के ख़िलाफ़ इकट्ठे हुए तो हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो को उनकी दमन के लिए रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने वहां भेजा। यह सरय्या शाबान सात हिज्री में हुआ। हज़रत सलमा बिन अक्वा रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो को भेजा और हम लोगों पर उनको अमीर बनाया।

(سبل الهدیٰ والرشاد سریة ابوبکر الی بنی کلاب بنجد, भाग 6 पृष्ठ 131 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 1993)

